देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 252 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 12 जनवरी 2022

**विचार-प्रवाह...**जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य





मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0°

39243.39

2 कहानी 'मरी और दफनाई' हुई है
7 जोरदार करियर का धमाकेदार अंत

# जारी है कोविड का तेज संक्रमण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुनिया में कोरोना वायरस की तीसरी लहर की शुरुआत हो चुकी है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। आंकड़ों में देखा जाए तो पहली व दूसरी लहर की तुलना में तीसरी लहर काफी संक्रामक है, जिस तरह से मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उसे देखकर तो लगता है कि जल्द ही कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन अपने पीक पर होगा और सभी रिकॉर्ड टूट जाएंगे।

देश में कोरोना संक्रमण के जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, उसके मुताबिक, दूसरी लहर की तुलना में तीसरी लहर कई गुना ज्यादा संक्रामक है। दूसरी लहर की शुरुआत होने से एक लाख मामले सामने आने तक में 46 दिन का समय लगा था, लेकिन तीसरी लहर में यह रिकॉर्ड महज 11 दिन में ही टूट गया। अब तो हाल यह है कि देश में पिछले तीन दिनों से 1.5 लाख से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। मंगलवार को भी 1.68 लाख मामले सामने आए।

## पिछले 24 घंटों में आए 1 लाख 68 हजार से ज्यादा नए मामले

**पांच राज्यों से आए सबसे अधिक कोरोना के मामले**

सबसे अधिक एक दिन में कोरोना के मामले दर्ज करने वाले शीर्ष पांच राज्यों की बात करें, तो उसमें महाराष्ट्र सबसे आगे है। महाराष्ट्र में 33,470 मामले, इसके बाद पश्चिम बंगाल में 19,286 मामले, दिल्ली में 19,166 मामले, तमिलनाडु में 13,990 मामले और कर्नाटक में 11,698 मामले सामने आए हैं।



### प्रधानमंत्री मोदी करेंगे मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक

देश में कोरोना के मामले दिन पर दिन बढ़ते जा रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकारें अपने स्तर पर कोरोना के बढते संक्रमण को रोकने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई है। बृहस्पतिवार को शाम साढ़े चार बजे वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए यह समीक्षा बैठक होगी। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्रियों के साथ होने वाली बैठक में पीएम मोदी देश में कोविड की स्थिति की समीक्षा करेंगे और संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए लागू किए गए उपायों का जायजा लेंगे।

मंगलवार सुबह जारी हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटों के अंदर 1,68,063 नए मामले दर्ज किए गए। जो पिछले दिन की तुलना में 6.5 प्रतिशत कम हैं। पिछले 24 घंटों में देश में 277 लोगों की कोरोना के चलते मौत हुई है। देश में कोरोना से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,84,213 हो गई है।

**4400 के पार हुए ओमिक्रोन के मामले, 28 राज्यों में फैला नया वैरिएंटः** कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के मामले बढ़कर 4400 के पार हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ओमिक्रोन के कुल मरीजों की संख्या बढ़कर अब 4,461 हो गई है। ओमिक्रोन अब तक देश के 28 राज्यों में अपने पैर पसार चुका है।

**208 दिनों बाद इलाज करा रहे मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा** मंगलवार को सामने आए नए मामलों के बाद सक्रिय मरीजों की संख्या 8,21,446 पहुंच गई है। यानी आठ लाख से ज्यादा लोग वर्तमान में इलाज करा रहे हैं। यह संख्या 208 दिनों बाद सबसे ज्यादा है। यह संख्या महज एक सप्ताह में सात से आठ गुना तक बढ़ गई है। दो जनवरी को 1,02,330 मरीज कोरोना से संक्रमित थे, लेकिन अब संख्या आठ लाख के पार हो चुकी है। इससे साफ है कि कोरोना संक्रमण देश में कितनी तेजी से बढ़ रहा है।

### तेजी से हो रहा संक्रमितों की संख्या में उछाल

भारत में 27 दिसंबर तक सिर्फ छह हजार मामले सामने आए थे। दो जनवरी को यह बढ़कर 27 हजार हो गए। तीन जनवरी को यह 33 हजार हुए और सात जनवरी को एक लाख पार हो गए। अब पिछले तीन दिन से 1.5 लाख से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली व मुंबई में जनवरी के तीसरे सप्ताह में तीसरी लहर का पीक आएगा। वहीं देश में फरवरी में पीक आएगा। तब रोजाना आठ लाख के करीब मरीज सामने आ सकते हैं। दिल्ली सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच दिनों में 46 मौत हुई हैं। दिल्ली में संक्रमण दर में काफी इजाफा हुआ है। यहां पॉजिटिविटी रेट 25 प्रतिशत पहुंच चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेहवाल को लेकर विवादास्पद ट्वीट पर एनसीडब्ल्यू सख्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अभिनेता सिद्धार्थ के बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल को लेकर किए गए ट्वीट पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा कि वो बार–बार महिलाओं के खिलाफ बुरी भाषा का इस्तेमाल करते हैं, महिला आयोग तमिलनाडु डीजीपी के संपर्क में है, हमें इस केस से उदाहरण पेश करना होगा क्योंकि सोशल मीडिया इस तरह के मैसेज से भरा हुआ है।

### ओम बिरला ने संसद में तैयारियों का लिया जायजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद में कोविड मामलों में वृद्धि को देखते हुए स्वच्छता कार्य और तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि संसद में आगामी बजट सत्र को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। मुझे उम्मीद है कि सांसद और कर्मचारी महामारी के दौरान सुरक्षित रहेंगे। बजट सत्र आमतौर पर जनवरी के अंत में शुरू होता है।

# ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

## डीआरडीओ ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को किया विकसित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत को मंगलवार के दिन बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। भारतीय नौसेना ने सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। पश्चिम तट पर तैनात नौसेना के लड़ाकू युद्धपोत आईएनएस विशाखापत्तनम से ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया है। भारतीय नौसेना के सूत्रों ने बताया कि ये मिसाइल का समुद्र से समुद्र में मार करने वाला वैरिएंट था। इसने अधिकतम रेंज और सटीकता के साथ लक्ष्य वाले जहाज पर हमला किया।

**डीआरडीओ ने बनाई है मिसाइल** बता दें कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को डीआरडीओ ने विकसित किया है। इस मिसाइल की रेंज हाल ही में 298 किमी से बढ़ाकर 450 किमी की गई थी। कम दूरी की ये रैमजेट, सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल विश्व में अपनी श्रेणी में सबसे तेज गति वाली है। इसे पनडुब्बी, पानी के जहाज, विमान से या जमीन से भी छोड़ा जा सकता है। यह रूस की पी–800 ओंकिस क्रूज मिसाइल की प्रौद्योगिकी पर आधारित है। इस मिसाइल को भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना को सौंपा जा चुका है।

**प्रलय का किया था सफल परीक्षणः** गौरतलब है कि इससे पहले, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल प्रलय का सफल परीक्षण किया था। डीआरडीओ ने 22 और 23 दिसंबर को प्रलय का सफल परीक्षण किया था। 22 दिसंबर को ओडिशा के तट से एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से इसका पहला सफल परीक्षण किया गया था। दूसरी बार भी यही से फिर से उसका दोबारा परीक्षण किया गया।

### क्या है खासियत?

- ■ब्रह्मोस मिसाइल को देश में ही विकसित किया गया है।
- ■ब्रह्मोस मिसाइल रूस और भारत का संयुक्त प्रोजेक्ट है।
- ■ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है जिसकी गिनती 21वीं सदी की सबसे खतरनाक मिसाइलों में की जाती है।
- ■ब्रह्मोस में रैमजेट इंजन लगा है, जो इसकी गति को बढ़ाती है और सटीकता और ज्यादा घातक बनाती है।
- ■ब्रह्मोस मिसाइल मैक 3.5 यानी 4,300 किलोमीटर प्रतिघंटा की अधिकतम रफ्तार से उड़ सकती है।
- ■इसको दुश्मन के राडार पकड़ नहीं सकते हैं।

# स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद कई नेता देंगे इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। यूपी वध्धिानसभा चुनाव 2022 के ऐलान के साथ ही प्रदेश में राजनीतिक उथल–पुथल और दल बदल का खेल शुरू गया है। प्रदेश में योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने पद से इस्तीफा देने के साथ ही समाजवादी पार्टी ज्वॉइन कर ली है। वहीं चर्चा है कि अकेले स्वामी प्रसाद मौर्य ही नहीं बल्कि कई बड़े ओबीसी नेता भी बीजेपी को अलविदा कहने की तैयारी में है। स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के बाद बीजेपी सकते में आ गई है। वहीं बीजेपी, मौर्य को मामने का प्रयास भी कर रही है।

बता दें कि स्वामी प्रसाद मौर्य की दलित और पिछड़ा वर्ग अपनी काफी अच्छी पैठ है। उन्होंने इस्तीफा देने के साथ ही बीजेपी पर आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि किसानों, दलितों, नौजवानों के साथ जो व्यवहार हो रहा है, वह बर्दाश्त नहीं है। मैंने मंत्रिमंडल के साथ बाहर भी मंत्रियों से बात की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में बिना सम्मान के बीजेपी में नहीं रह सकता था।

**स्वामी प्रसाद को मनाने की कोशिश** बीजेपी को पता है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ बड़ा वोट बैंक खिसक जाएगा। पिछले चुनाव में भी बीजेपी को पिछड़ा वर्ग से साथ मिला था। ऐसे में बीजेपी ने यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को इस स्थिति को संभालने का काम सौंपा है। डिप्टी सीएम ने एक ट्वीट भी किया है, आदरणीय स्वामी प्रसाद मौर्य जी ने किन कारणों से इस्तीफा दिया है, मैं नहीं जानता हूँ, उनसे अपील है कि बैठकर बात करें। जल्दबाजी में लिए हुए फैसले अक्सर गलत साबित होते हैं।

बीजेपी की स्थिति इस समय यह है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के सपा ज्वॉइन करने के बाद भी उन्हें मनाने के प्रयास में जुट गई है।

### उथल–पुथल

■डिप्टी सीएम ने बैठकर बात करने का दिया न्यौता

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारत से लगती सीमा पर हालात स्थिर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के बाकी स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया पर भारत–चीन के बीच माल्डो में कोर कमांडर स्तरीय 14वें दौर की सैन्य वार्ता बुधवार को होने की पुष्टि करते हुए बीजिंग ने मंगलवार को कहा है कि भारत से लगती सीमा पर वर्तमान हालात स्थिर हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने आगे कहा कि दोनों पक्ष राजनयिक और सैन्य माध्यमों से वार्ता और संवाद बनाए हुए हैं।

चीन उम्मीद करता है कि भारत स्थिति को आपातकालीन मोड से नियमित दैनिक आधार वाले प्रबंधन चरण में ले जाने में मदद करेगा। वहीं, नई दिल्ली में भारतीय रक्षा सूत्रों ने गतिरोध के बाकी स्थानों के मुद्दों को सुलझाने में चीन के साथ रचनात्मक बातचीत की उम्मीद जताई। याद दिला दें कि भारत और चीन के बीच 13वें दौर की सैन्य वार्ता 10 अक्टूबर, 2021 को हुई थी। बता दें कि मई 2020 से बनी गतिरोध की स्थिति में इस बार हाट स्प्रिंग इलाके को लेकर वार्ता होगी।

### दोनों देशों के बीच सैन्य वार्ता आज